


WORLD BOOK OF RECORDS
LONDON

PROVISIONAL CERTIFICATE

**Ekayanaa School**
Indore, Madhya Pradesh
India

Has been adjudicated for
organizing the longest Non-Stop Virtual Presentation on
Ek Bharat, Shreshtha Bharat by a team of 400 students and educators
under the leadership of Mr. Manish Kumar Saxena (Principal)
from 23 January 2022 to 24 January 2022.

INDIA EDITION
C.No.-WBR/RC/777/2022

Date: 24 January 2022

Tithi Bhalla
Adjudicator
India

WORLD BOOK OF RECORDS
UNITED KINGDOM ▪ INDIA ▪ SWITZERLAND
www.worldbookofrecords.uk

Ekayanaa SCHOOL
Think. Learn. Excel.

## Proud Moment

# *Congratulations!!!*

Namaste!
Dear Students, Parents,
Educators, Management
and the entire Ekayanaa Family
for the incredible achievement...
May God bless us all

**Manish Kumar Saxena**
Principal
Ekayanaa School



दैनिक भास्कर इंदौर 25-01-2022

उपलब्धि | 38 घंटे में बखान किया 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों की संस्कृति का

**'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पर एकायना स्कूल ने बनाया लॉन्गेस्ट वर्चुअल प्रेजेंटेशन का विश्व कीर्तिमान**

सिटी रिपोर्टर . इंदौर

इंदौर | भारत सरकार द्वारा शुरू की गई योजना 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत शहर के एकायना स्कूल के करीब 400 स्टूडेंट और टीचर्स ने वर्चुअल प्रजेन्टेशन गूगल मीट के जरिए की। इसमें कक्षा तीसरी से सातवीं तक के स्टूडेंट के समूह द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया, जिसमें देश के 28 राज्यों एवं 8 केन्द्र शासित प्रदेशों के साहित्य, संस्कृति, परंपराएं (गीत-संगीत, नृत्य, खानपान), खनिज-संपदा, विभिन्न स्त्रोत, शिक्षा, महान व्यक्तित्व, जीव, वनस्पति, अर्थव्यवस्था आदि सम्मिलित किए गए। इस प्रस्तुतिकरण का उद्देश्य भारत की विशेषता अनेकता में एकता विचारधारा को बढ़ावा देना तथा स्टूडेंट्स को देश के समृद्ध संसाधनों से अवगत कराना रहा।



इस दौरान स्टूडेंट्स ने देश के सांस्कृतिक संबंधों के माध्यम से एकता एवं अखंडता के बारे में जाना। स्टूडेंट्स ने विभिन्न राज्यों के राज्य गान, नृत्य एवं भाषा को प्रस्तुत किया। प्राचार्य मनीष कुमार सक्सेना ने बताया कि इस प्रस्तुतिकरण की तैयारी के दौरान स्टूडेंट्स का उत्साह चरम पर था। उन्होंने इसकी तैयारी लंबे शोध एवं अध्ययन, पुस्तकों, विभिन्न साहित्य और इंटरनेट से की। इस दौरान, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड (लंदन) भारतीय संस्करण के अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने स्टूडेंट के इस प्रयास को वर्ल्ड रिकॉर्ड का दर्जा दिया है।



'एक भारत श्रेष्ठ भारत' विषय पर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए प्रस्तुति

**एकायना स्कूल के बच्चे 38 घंटे में बता रहे 28 राज्य और 8 केन्द्र शासित राज्यों की संस्कृति-साहित्य**

पत्रिका plus रिपोर्टर

इंदौर. सांस्कृतिक संबंधों के माध्यम से एकता एवं अखंडता को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना' की शुरुआत की गई। इसका मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न भागों में रहने वाले भारतीयों के बीच संबंधों को सुधारना है। इसके माध्यम से शांति एवं सद्भावना भी बढ़ेगी और विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं, संगीत, पर्यटन और खेल को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 140वीं वर्षगांठ पर 31 अक्टूबर 2015 को देश का विकास करना एवं उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से की गई थी।

इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शहर के एकायना स्कूल के तीसरी से सातवीं कक्षा के लगभग 400 स्टूडेंट्स और टीचर्स के समूह द्वारा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' विषय पर दीर्घकालीन आभासी प्रस्तुतीकरण का आयोजन रविवार को प्रारंभ किया गया, जिसमें 28 राज्यों एवं 8 केंद्र शासित राज्यों के साहित्य, संस्कृति, परंपराएं, खनिज-संपदा, विभिन्न स्रोत, शिक्षा, वहां के महान व्यक्तित्व, जीव, वनस्पति और अर्थव्यवस्था जैसे तमाम विषय सम्मिलित हैं। इस प्रस्तुतीकरण का उद्देश्य भारत की विशेषता 'अनेकता में एकता' की विचारधारा को बढ़ावा देना है।

**सोमवार की शाम तक रहेगा जारी**

एकायना स्कूल के प्रिंसिपल मनीष सक्सेना ने बताया हमें 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड' (लंदन) द्वारा इस आभासी प्रस्तुतीकरण के लिए हमें 15 दिन पहले अनुमति मिली थी, जिसके चलते स्कूल के 400 स्टूडेंट्स दवारा वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड बनाने के लिए 38 घंटे प्रस्तुति दी जा रही है। शुरुआत 23 जनवरी यानि रविवार की सुबह 9 बजे हुई थी और इसका समय 24 जनवरी की शाम 5 बजे खत्म होगा। मनीष सक्सेना बताया बच्चे वर्चुअल प्रजेंटेशन के तहत अपने घर से प्रस्तुति दे रहे हैं। बच्चों को प्रदेश का खान-पान भौगोलिक स्थिति, सभी स्टेट्स की एन्थम, सभी राज्यों के नृत्य, संगीत की जानकारी मिली।

# Glimpses of Virtual Meet
# "Ek Bharat Shreshtha Bharat"







